<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 03.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. आज विश्व वन्यजीव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के सासनगिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की, कहा – वन्यजीव संरक्षण में भारत के योगदान पर गर्व।
2. वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने आज विधानसभा में चालू वित्त वर्ष का बजट किया पेश, 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का है बजट ।
3. चाईबासा में आंगनबाड़ी कर्मियों ने <u>मइयां सम्मान योजना</u> की राशि मिलने में देरी का किया विरोध, काम बंद करने की दी चेतावनी।
4. रांची नगर निगम दिहाड़ी मजदूरों के लिए बनाएगा श्रमिक सेंटर, महिला श्रमिकों के लिए विशेष सुविधाएं होंगी उपलब्ध।
5. जमशेदपुर में जे.एन.टाटा की 186वीं जयंती पर शहर हुआ रोशनी से जगमग, जुबली पार्क में विद्युत सज्जा का हुआ भव्य उद्घाटन।

<u>******************</u>

आज विश्व वन्यजीव दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी लोगों से अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया है। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षक और संरक्षण में भारत के योगदान पर भी गर्व व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने आज गुजरात में जूनागढ़ जिले के सासनगिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड – एनबीडब्ल्यूएल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने देश में वन्यजीव संरक्षण और सुरक्षा के लिए कई पहल की हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा इस प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण और सुरक्षा के उद्देश्य से नीतियों, विधायी उपायों और पहलों का एक ब्यौरा हमारी संवाददाता से –

<u>******************</u>

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन के पटल पर वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में सामान्य क्षेत्र के लिए 37 हजार 884 करोड़ 36 लाख रुपये, सामाजिक क्षेत्र के लिए 62 हजार 840 करोड़ 45 लाख रुपये और आर्थिक क्षेत्र के लिए 44 हजार 675 करोड़ 19 लाख रुपये का उपबंध किया गया है । इस अवसर पर श्री किशोर ने कहा वित्त मंत्री के रूप में झारखंड राज्य के लिए सदन में बजट पेश करना उनके लिए गौरव की बात रही।

<u>******************</u>

मइयां सम्मान योजना की राशि मिलने में देरी को लेकर चाईबासा में आंगनबाड़ी कर्मियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मियों का कहना है कि भौतिक सत्यापन के दौरान उन पर अनावश्यक आरोप लगाए जा रहे हैं। संघ की प्रदेश अध्यक्ष अनीता बिरुवा ने चेतावनी दी कि यदि समय पर मानदेय नहीं मिला तो संघ काम बंद करने को बाध्य होगा।

<u>******************</u>

रांची नगर निगम शहर के चार प्रमुख इलाकों में दिहाड़ी मजदूरों के लिए श्रमिक सेंटर बनाएगा। मोरहाबादी, रातू रोड, लालपुर और बिरसा चौक पर शेड तैयार किए जाएंगे। मजदूरों के लिए बैठने, आराम और महिला श्रमिकों की विशेष व्यवस्था होगी। स्थल चयन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

<u>******************</u>

जमशेदपुर में जे.एन. टाटा की 186वीं जयंती पर टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने जुबली पार्क में विद्युत सज्जा का उद्घाटन किया। हर साल 3 मार्च को टाटा स्टील संस्थापक दिवस मनाती है, जिसमें शहर और पार्क को आकर्षक लाइटिंग से सजाया जाता है। समारोह में टाटा स्टील और जुस्को के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

******************

गढ़वा जिले के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र से नक्सलियों के खात्मे के बाद अब लोग सामान्य जीवन जीने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सुरक्षा बलों के अभियान के बाद नक्सलियों के भय से मुक्त होकर वे अब रोजगार कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा बलों की लगातार निगरानी जारी है।

******************

बोकारो जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्ट बजट वेबिनार को सुनने के बाद किसानों में किसान क्रेडिट कार्ड को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

******************

- डीजीपी अनुराग गुप्ता 6 मार्च को महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों की समीक्षा बैठक करेंगे जिसमें जिले के एसपी, एसएसपी, डीआईजी और आईजी शामिल होंगे। बैठक में बीएनएस की 61 धाराओं के तहत हुए अपराधों की समीक्षा होगी।
- खूंटी पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में 228 एकड़ में फैले अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया। कई गांवों में जागरूकता अभियान के बाद ग्रामीण भी सहयोग कर रहे हैं।
- जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड में नेम, निष्ठा और आस्था का महापर्व डाला छठ संपन्न हुआ। व्रतियों ने कल बड़ा तालाब में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया और आज उदीयमान सूर्य को जल अर्पित किया।

******************

रांची मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आज झारखंड का मौसम साफ रहेगा और अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं कल राज्य का अधिकतम तापमान लगभग 29 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 17 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

******************